भाग I / Part I

## सामान्य जागरूकता / General Awareness

1. असम राज्य से निम्नलिखित में से किसे सबसे हाल में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में सम्मिलित किया गया है ?
   (1) विक्टोरियन गोथिक और आर्ट डेको इंसेबल्स
   (2) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान
   (3) मोइदम्स
   (4) कामाख्या मंदिर

   Which among the following is the most recent entry to the UNESCO World Heritage List from the state of Assam ?
   (1) Victorian Gothic and Art Deco Ensembles
   (2) Keoladeo National Park
   (3) Moidams
   (4) Kamakhya Temple

2. फिडे (FIDE) शतरंज विश्व कप, 2025 की मेजबानी कौन-सा देश करेगा ?
   (1) चीन (2) भारत (3) इटली (4) कनाडा

   Which country will host FIDE Chess World Cup, 2025 ?
   (1) China (2) India (3) Italy (4) Canada

3. निम्नलिखित में से कौन-सा अमेरिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) कंपनी द्वारा निर्मित चैटबॉट ***नहीं*** है ?
   (1) चैट जीपीटी (2) डीपसीक (3) जेमिनाइ (4) ग्रोक

   Which of the following is ***not*** a chatbot developed by an American Artificial Intelligence (AI) company ?
   (1) ChatGPT (2) DeepSeek (3) Gemini (4) Grok

4. निम्नलिखित में से राजनीतिक दल/पार्टी और चिह्न (प्रतीक) का कौन-सा युग्म सही सुमेलित ***नहीं*** है ?
   (1) भारतीय राष्ट्रीय लोक दल — चश्मा
   (2) तेलुगु देशम पार्टी — साइकिल
   (3) लोक जनशक्ति पार्टी — तीर
   (4) बीजू जनता दल — शंख

   Which of the following pairs of political parties and symbols is ***not*** matched correctly ?
   (1) Indian National Lok Dal — Spectacles
   (2) Telugu Desam Party — Bicycle
   (3) Lok Janshakti Party — Arrow
   (4) Biju Janata Dal — Conch

5. बीस देशों के समूह (Group of 20) की 20वीं बैठक नवम्बर 2025 में कहाँ आयोजित होगी ?
   (1) रियो डी जेनेरियो (2) नई दिल्ली (3) जोहांसबर्ग (4) रियाध

   Where is the $20^{th}$ Meeting of the Group of Twenty going to be organized in November 2025 ?
   (1) Rio de Janeiro (2) New Delhi (3) Johannesburg (4) Riyadh

6. वर्ष 2024 तक उपलब्ध नवीनतम आँकड़ों के अनुसार, निम्नलिखित में से किस रक्षा सेवा में महिलाओं की प्रतिशतता 5% से अधिक है ?

I. भारतीय थलसेना

II. भारतीय नौसेना

III. भारतीय वायुसेना

सही उत्तर चुनिए :

(1) केवल II (2) केवल II और III

(3) केवल III (4) I, II और III

As per the latest data available up to the year 2024, the percentage of women in defence services exceeds 5% for which of the following ?

I. Indian Army

II. Indian Navy

III. Indian Air Force

Choose the correct answer :

(1) Only II (2) Only II and III

(3) Only III (4) I, II and III

7. निम्नलिखित में से किसकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है और उन्हें उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को जिस रीति से और जिस आधार पर पद से हटाया जाता है, उसी रीति से पद से हटाया जा सकता है ?

(1) किसी राज्य का महाधिवक्ता

(2) भारत का नियंत्रक और महालेखा परीक्षक

(3) भारत का महान्यायवादी

(4) किसी राज्य का राज्यपाल

Who among the following is appointed by the President of India and can only be removed from office in like manner and on like grounds as a Judge of the Supreme Court ?

(1) Advocate General of a State

(2) Comptroller and Auditor General of India

(3) Attorney General of India

(4) Governor of a State

8. अन्तर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार, 2025 से विभूषित पुस्तक *'हार्ट लैंप'* के रचयिता कौन हैं ?

(1) जम्बूनाथा कंचयानी (2) बानू मुश्ताक

(3) गिरिमा घेरखान (4) जयलक्ष्मी एन.एस. कोलागुंडा

Who is the author of the book *'Heart Lamp'*, which was awarded the International Booker Prize, 2025 ?

(1) Jambunatha Kanchyani (2) Banu Mushtaq

(3) Girima Gharekhan (4) Jayalakshmi N.S. Kolagunda

9. वर्ष 2023 के लिए 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जिसकी घोषणा वर्ष 2025 में हुई थी, के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और *ग़लत* कथन की पहचान कीजिए।

(1) अभिनेता शाहरुख खान को अग्रणी भूमिका में सर्वोत्कृष्ट अभिनेता की श्रेणी में स्वर्ण कमल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

(2) 'मऊ : द स्पिरिट ड्रीम्स ऑफ चेरॉ' को निर्देशक की सर्वोत्कृष्ट पहली फिल्म की श्रेणी में स्वर्ण कमल पुरस्कार प्राप्त हुआ।

(3) 'दि फर्स्ट फिल्म' को सर्वोत्तम निर्देशन की श्रेणी में स्वर्ण कमल पुरस्कार प्राप्त हुआ।

(4) 'फ्लावरिंग मैन' को सर्वोत्कृष्ट ग़ैर-फीचर फ़िल्म की श्रेणी में स्वर्ण कमल पुरस्कार प्राप्त हुआ।

Consider the following statements regarding the 71$^{st}$ National Film Awards for the year 2023 announced in the year 2025 and identify the ***incorrect*** statement.

(1) Actor Shah Rukh Khan was awarded Swarna Kamal under the category of Best Actor in a Leading Role.

(2) 'Mau : The Spirit Dreams of Cheraw' was awarded Swarna Kamal under Best Debut Film of a Director category.

(3) 'The First Film' was awarded Swarna Kamal under the category of Best Direction.

(4) 'Flowering Man' was awarded Swarna Kamal under the Best Non-Feature Film category.

10. वर्ष 2024 – 25 के लिए 300 से कम कार्मिकों वाले मंत्रालयों/विभागों की श्रेणी में प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग को कौन-सा पुरस्कार मिला था ?

(1) राजभाषा तेजस पुरस्कार (द्वितीय पुरस्कार)

(2) राजभाषा गौरव पुरस्कार (द्वितीय पुरस्कार)

(3) राजभाषा प्रतिभा पुरस्कार (प्रथम पुरस्कार)

(4) राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (प्रथम पुरस्कार)

Which award was given to the Department of Administrative Reforms and Public Grievances in the category of Ministries/Departments with less than 300 personnel for the year 2024 – 25 ?

(1) Rajbhasha Tejas Puraskar (Second Prize)

(2) Rajbhasha Gaurav Puraskar (Second Prize)

(3) Rajbhasha Pratibha Puraskar (First Prize)

(4) Rajbhasha Kirti Puraskar (First Prize)

## भाग II / Part II

### तर्क क्षमता / Reasoning Ability

11. दो भाई गिरि और सूरी, जो अलग-अलग कार्यालयों में काम करते हैं, सुबह अपने घर से निकले। गिरि परछाई का अनुसरण करते हुए 3 किमी तक गाड़ी चलाता है, फिर अपने बाएँ मुड़कर 5 किमी तक गाड़ी चलाता है और अपने कार्यालय पहुँचता है। सूरी 8 किमी गाड़ी चलाता है जबकि उसकी परछाई उसके दाएँ ओर थी, फिर अपने दाएँ मुड़कर 7 किमी गाड़ी चलाता है। गिरि के संबंध में अब सूरी कितनी दूरी पर और किस दिशा में है ?

(1) 7 किमी, दक्षिण (2) 5 किमी, दक्षिण-पश्चिम (3) 5 किमी, उत्तर (4) 7 किमी, दक्षिण-पूर्व

Two brothers Giri and Suri working in different offices started from their home in the morning. Giri drove for 3 km following the shadow, then drove for 5 km turning to his left to reach his office. Suri drove for 8 km while his shadow was to his right, then turned to his right and drove 7 km. How far and in which direction is Suri with respect to Giri now ?

(1) 7 km, South (2) 5 km, South-West (3) 5 km, North (4) 7 km, South-East

12. तीन कथनों के बाद, तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, चाहे वे सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न क्यों न हों, निर्णय कीजिए कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथनों से तार्किक रूप से निकलता है/निकलते हैं।

**कथन :**

- कुछ नारे, उद्धरण हैं।
- कुछ उद्धरण, वाक्यांश हैं।
- सभी वाक्यांश, मुहावरे हैं।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ वाक्यांश, नारे हैं। II. कुछ मुहावरे, उद्धरण हैं। III. कुछ मुहावरे, नारे हैं।

सही उत्तर चुनिए :

(1) केवल निष्कर्ष I निकलता है। (2) केवल निष्कर्ष II और III निकलते हैं।
(3) केवल निष्कर्ष I और III निकलते हैं। (4) केवल निष्कर्ष II निकलता है।

Three Statements are given followed by three Conclusions I, II and III. Assuming the Statements to be true, even if they seem to be at variance with commonly known facts, decide which of the given Conclusion(s) logically follow/follows from the statements.

**Statements :**

- Some slogans are quotes.
- Some quotes are phrases.
- All phrases are idioms.

**Conclusions :**

I. Some phrases are slogans. II. Some idioms are quotes. III. Some idioms are slogans.

Choose the correct answer :

(1) Only Conclusion I follows. (2) Only Conclusions II and III follow.
(3) Only Conclusions I and III follow. (4) Only Conclusion II follows.

13. @, \$ का भाई है। α, \$ की बहन है। β, # का पिता है। #, α का भाई है। Ω, α की माता है। β का पुत्र \$ है। तो β के कितने पुत्र हैं ?

(1) 2 (2) 3 (3) 1 (4) 4

@ is \$'s brother. α is \$'s sister. β is #'s father. # is α's brother. Ω is α's mother. β's son is \$. Then how many sons does β have ?

(1) 2 (2) 3 (3) 1 (4) 4

14. एक कथन के बाद दो धारणाएँ I और II दी गई हैं। कथन और धारणाओं पर विचार कीजिए और निर्णय कीजिए कि दी गई धारणाओं में से कौन-सी धारणा/धारणाएँ कथन में निहित है/हैं।

**कथन :**

"कंप्यूटर शिक्षा विद्यालयों से ही शुरू होनी चाहिए।"

**धारणाएँ :**

I. कंप्यूटर सीखना आसान है।

II. कंप्यूटर शिक्षा से नौकरियाँ आसानी से मिलती हैं।

सही उत्तर चुनिए :

(1) धारणा I और धारणा II दोनों निहित हैं।

(2) न तो धारणा I और न ही धारणा II निहित है।

(3) केवल धारणा II निहित है।

(4) केवल धारणा I निहित है।

A statement is followed by two assumptions numbered I and II. Considering the statement and assumptions decide which of the given assumptions is/are implicit in the statement.

**Statement :**

"Computer education should start at schools itself."

**Assumptions :**

I. Learning computers is easy.

II. Computer education fetches jobs easily.

Choose the correct answer :

(1) Both Assumption I and Assumption II are implicit.

(2) Neither Assumption I nor Assumption II is implicit.

(3) Only Assumption II is implicit.

(4) Only Assumption I is implicit.

15. पाँच छात्रों में, तुषार, दिनेश और हिमांशु हैदराबाद से हैं। तुषार, बव्या और जितेंद्र स्नातक हैं। बव्या, हिमांशु और जितेंद्र सरकारी नौकरी में हैं। तुषार, दिनेश और जितेंद्र विवाहित हैं। तो निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन सही है ?

(1) जितेंद्र – हैदराबाद – स्नातक
(2) हिमांशु – हैदराबाद – विवाहित
(3) बव्या – स्नातक – सरकारी नौकरी
(4) दिनेश – स्नातक – विवाहित

Among five students, Tushar, Dinesh and Himanshu are from Hyderabad. Tushar, Bavya and Jitendra are Graduates. Bavya, Himanshu and Jitendra are in Government jobs. Tushar, Dinesh and Jitendra are married. Then which of the following combinations is correct ?

(1) Jitendra – Hyderabad – Graduate
(2) Himanshu – Hyderabad – Married
(3) Bavya – Graduate – Government Job
(4) Dinesh – Graduate – Married


16. छह विक्रेता A, B, C, D, E और F बाज़ार में समान वस्तुएँ बेचते हैं। केवल तीन विक्रेताओं ने F से कम वस्तुएँ बेचीं। A ने C से अधिक वस्तुएँ बेचीं। E ने सबसे अधिक वस्तुएँ नहीं बेचीं। D ने C और A से अधिक वस्तुएँ बेचीं, लेकिन F से कम। यदि B ने 20 वस्तुएँ बेचीं, तो E द्वारा बेची गई वस्तुओं की संख्या क्या हो सकती है ?

(1) 22 (2) 23 (3) 18 (4) 25

Six vendors A, B, C, D, E and F sell the same items in the market. Only three vendors sold less items than F. A sold more items than C. E did not sell the most items. D sold more items than C and A, but less than F. If B sold 20 items, then what can be the number of items sold by E ?

(1) 22 (2) 23 (3) 18 (4) 25


17. दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न खंडों में दी गई संख्याएँ व्यक्तियों की संख्या दर्शाती हैं।




कितनी महिला कवि राजनीतिज्ञ हैं ?

(1) 5 (2) 4 (3) 9 (4) 17

Study the given diagram carefully and answer the question. The numbers in different sections indicate the number of persons.




How many women poets are politicians ?

(1) 5 (2) 4 (3) 9 (4) 17

**18.** छह बच्चे मोनू, नीना, ओझा, शालू, तोमर और उस्मान हैं। उस्मान और तोमर के पास साइकिल हैं जबकि अन्य के पास नहीं हैं। शालू और उस्मान टोपी पहने हुए हैं जबकि अन्य नहीं पहने हुए हैं। मोनू, ओझा और शालू कक्षा VII में हैं जबकि अन्य कक्षा VI में हैं। कक्षा VI में कौन है जिसके पास साइकिल है, लेकिन टोपी नहीं पहनी है ?

(1) ओझा (2) शालू (3) नीना (4) तोमर

There are six children Monu, Neena, Ojha, Shalu, Tomar and Usman. Usman and Tomar have bicycles while the others do not. Shalu and Usman are wearing hats while the others are not. Monu, Ojha and Shalu are in Class VII while the others are in Class VI. Who in Class VI has a bicycle, but is not wearing a hat ?

(1) Ojha (2) Shalu (3) Neena (4) Tomar

**19.** उस अक्षर-संख्या समूह को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) का स्थान ले सके।

3X6, 8W8, 15V10, (?), 35T14

(1) 23U14 (2) 20U15 (3) 22U13 (4) 24U12

Select the letter-number cluster that will replace the question mark (?) in the following series.

3X6, 8W8, 15V10, (?), 35T14

(1) 23U14 (2) 20U15 (3) 22U13 (4) 24U12

**20.** यदि,

'$ P #' का अर्थ है '$, # का भाई है'।

'$ Q #' का अर्थ है '$, # की पुत्री है'।

'$ R #' का अर्थ है '$, # की पत्नी है'।

'$ S #' का अर्थ है '$, # का पुत्र है'।

तो निम्नलिखित में से कौन-सा दर्शाता है 'A', 'D' की पोती है ?

(1) ESARBQCPD (2) ASBPCQDSE (3) EPAQBRCSD (4) AQBSCPDRE

If,

'$ P #' means '$ is the brother of #'.

'$ Q #' means '$ is the daughter of #'.

'$ R #' means '$ is the wife of #'.

'$ S #' means '$ is the son of #'.

Then which of the following represents 'A' is the Grand-daughter of 'D' ?

(1) ESARBQCPD (2) ASBPCQDSE (3) EPAQBRCSD (4) AQBSCPDRE

**21.** निम्नलिखित श्रृंखला में, कुछ अक्षर लुप्त हैं, जो इनमें से एक विकल्प में उसी क्रम में दिए गए हैं। सही विकल्प चुनिए।

zy_wwx_zzyx_w_yzz_xw

(1) xyzxy (2) xzzxy (3) xzwzy (4) xywxy

In the following series, some of the letters are missing, which are given in that order as one of the alternatives. Choose the correct option.

zy_wwx_zzyx_w_yzz_xw

(1) xyzxy (2) xzzxy (3) xzwzy (4) xywxy

22. सोमवार से शुक्रवार तक एक सप्ताह में पाँच ट्रेनें A, B, C, D और E एक स्टेशन से चलती हैं। प्रतिदिन, केवल एक ट्रेन चलेगी। D सप्ताह में चलने वाली पहली या आखिरी ट्रेन नहीं होनी चाहिए। E को C के चलने के दिन के ठीक अगले दिन चलना चाहिए। B को D के चलने के ठीक एक दिन बाद और C के चलने के ठीक एक दिन पहले चलना चाहिए। A और B के बीच एक ट्रेन चलनी है। सोमवार को कौन-सी ट्रेन चलेगी ?

(1) D (2) B (3) A (4) E

Five trains A, B, C, D and E start from a station, in a week, from Monday to Friday. Every day, only one train will start. D should not be either the first or the last to be started in the week. E should be started immediately on the day following C's starting day. B should be started immediately a day after D and immediately a day before C. One train is to be started between A and B. Which train will start on Monday ?

(1) D (2) B (3) A (4) E

23. नीचे एक प्रश्न दिया गया है, जिनके बाद दो कथन I और II, प्रत्येक कुछ जानकारी सहित दिए गए हैं। निर्णय कीजिए कि कौन-सा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है/हैं।

**प्रश्न :**

मदन सप्ताह के किस दिन बैंकॉक गया था ?

**कथन :**

I. मदन ने बुधवार को छुट्टी ली।

II. मदन ने बैंकॉक की अपनी यात्रा से पिछले दिन शुक्रवार को अपने भाई से मुलाकात की।

सही उत्तर चुनिए :

(1) कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने हेतु आवश्यक हैं।
(2) कथन I अकेला प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है जबकि कथन II अकेला पर्याप्त नहीं है।
(3) या तो कथन I अकेला या कथन II अकेला प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
(4) कथन II अकेला प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है जबकि कथन I अकेला पर्याप्त नहीं है।

Given below is a question followed by two statements numbered I and II, each containing some information. Decide which of the statement(s) is/are sufficient to answer the question.

**Question :**

On which day of the week did Madan visit Bangkok ?

**Statements :**


I. Madan took leave on Wednesday.

II. Madan visited his brother on Friday, the previous day of his visit to Bangkok.

Choose the correct answer :


(1) Both Statements I and II together are necessary to answer the question.
(2) Statement I alone is sufficient to answer the question while Statement II alone is not sufficient.
(3) Either Statement I alone or Statement II alone is sufficient to answer the question.
(4) Statement II alone is sufficient to answer the question while Statement I alone is not sufficient.

24. नीचे दिया गया वेन आरेख विकल्पों में दिए गए वर्गों में से किसके बीच संबंध को सबसे अच्छी तरह दर्शाता है ?



(1) न्यूक्लियस, प्रोटॉन, न्यूट्रॉन
(2) वृत्त, वर्ग, त्रिभुज
(3) स्तनपायी, सरीसृप, छिपकली
(4) भाई, डॉक्टर, पुरुष

The Venn diagram given below best represents the relationship among which of the classes given in the options ?



(1) Nucleus, Protons, Neutrons
(2) Circles, Squares, Triangles
(3) Mammals, Reptiles, Lizards
(4) Brothers, Doctors, Males

25. निम्नलिखित प्रश्न में, विभिन्न तत्त्वों के बीच का संबंध दिए गए कथन में दर्शाया गया है, जिनके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथन को सत्य मानते हुए, निर्णय कीजिए कि कौन-सा/से निष्कर्ष निश्चित रूप से सत्य है/हैं।

कथन :

$Q \geq J \leq F < E \leq M$

निष्कर्ष :

I. $M > J$

II. $F \leq M$

III. $M < Q$

सही उत्तर चुनिए :

(1) केवल निष्कर्ष II सत्य है।
(2) केवल निष्कर्ष I और II सत्य हैं।
(3) केवल निष्कर्ष I सत्य है।
(4) केवल निष्कर्ष II और III सत्य हैं।

In the following question, a relationship between different elements is shown in the statement followed by three conclusions numbered I, II and III. Assuming the statement to be true, decide which of the conclusions is/are definitely true.

**Statement :**

$Q \geq J \leq F < E \leq M$

**Conclusions :**

I. $M > J$

II. $F \leq M$

III. $M < Q$

Choose the correct answer :

(1) Only Conclusion II is true.
(2) Only Conclusions I and II are true.
(3) Only Conclusion I is true.
(4) Only Conclusions II and III are true.

26. पाँच सैनिक उत्तर दिशा की ओर मुँह करके एक पंक्ति में एक-दूसरे के बगल में खड़े हैं। Y, W के दाईं ओर, लेकिन Z के बाईं ओर है। V, W के बाईं ओर, लेकिन X के दाईं ओर है। यदि वे अपनी स्थिति में घूम जाएँ और दक्षिण दिशा की ओर मुँह करके खड़े हो जाएँ, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन निश्चित रूप से सत्य ***नहीं*** है ?

(1) X, Y के दाईं ओर तीसरा है।
(2) V और Z के बीच दो सैनिक हैं।
(3) V, W के बाईं ओर है।
(4) Z पूर्वी छोर पर है।

Five soldiers are standing adjacent to each other in a row facing North. Y is to the right of W, but to the left of Z. V is to the left of W, but to the right of X. If they about turn in their positions to face South, which of the following statements is definitely ***not*** true ?

(1) X is third to the right of Y.
(2) There are two soldiers between V and Z.
(3) V is to the left of W.
(4) Z is at the East end.

27. नीचे दो कथन दिए गए हैं और इन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** भारत में, महिलाओं की जीवन प्रत्याशा पुरुषों की तुलना में कम है।

**कारण (R) :** महिलाओं को बेहतर आहार मिलता है।

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।
(2) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।
(3) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(4) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।

Two statements are given below and these are labelled as Assertion (A) and Reason (R).

**Assertion (A) :** In India, females have lower life expectancy than the males.

**Reason (R) :** Females receive a better diet.

Select the correct answer from the following options :

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(2) (A) is false, but (R) is true.
(3) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(4) (A) is true, but (R) is false.

28. निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में एक पद ग़लत है। ग़लत पद ज्ञात कीजिए।

8, 4, 4, 6, 12, 24, 90

(1) 12 (2) 24 (3) 4 (4) 90

One term in the following number series is incorrect. Find the incorrect term.

8, 4, 4, 6, 12, 24, 90

(1) 12 (2) 24 (3) 4 (4) 90

@#△○%

२x२

29. निम्नलिखित अक्षर-संख्या-चिह्न अनुक्रम का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए :

# R 9 N F $ 5 K 3 L D S & A 1 Q 2 W O 7 @ 6 U E X 4 Y

निम्नलिखित चार में से तीन उपर्युक्त अनुक्रम में अपनी स्थिति के आधार पर एक निश्चित रूप से समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा है जो दूसरों से भिन्न है ?

(1) $ K N

(2) @ X O

(3) & 2 D

(4) 1 O &

Study the following letter-number-symbol sequence and answer the question :

# R 9 N F $ 5 K 3 L D S & A 1 Q 2 W O 7 @ 6 U E X 4 Y

Three of the following four are alike in a certain way based on their positions in the above sequence and so form a group. Which is the one that is different from others ?

(1) $ K N

(2) @ X O

(3) & 2 D

(4) 1 O &

30. K, L, M, P, Q, R, S और T एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे हैं कि चार कोनों पर और चार बीच में बैठे हैं। जो कोनों पर बैठे हैं वे बाहर की ओर मुँह करके बैठे हैं और जो बीच में बैठे हैं वे केंद्र की ओर मुँह करके बैठे हैं। P, S के दाईं ओर तीसरा है और केंद्र की ओर मुँह करके बैठा है। Q, M के बाईं ओर तीसरा है और M, P के बगल में बाईं ओर बैठा है। Q और R के बीच एक व्यक्ति बैठा है। R, M का पड़ोसी नहीं है, T केंद्र की ओर मुँह करके बैठा है। K, R का पड़ोसी नहीं है। Q और R के बीच कौन बैठा है ?

(1) L

(2) P

(3) S

(4) M

K, L, M, P, Q, R, S and T are sitting around a square table in such way that four sit at corners and four sit in the middle. Those who sit at corners are facing outside and those who sit at the middle are facing towards the centre. P is 3rd to the right of S and facing towards the centre. Q is 3rd to the left of M and M is sitting to the immediate left of P. One person sits between Q and R. R is not the neighbour of M, T is facing towards the centre. K is not the neighbour of R. Who is sitting between Q and R ?

(1) L

(2) P

(3) S

(4) M

## भाग III / Part III

## आई.सी.टी. का ज्ञान / Knowledge of ICT

31. निम्नलिखित में से कौन-सा साइबर अपराध के अंतर्गत पंजीकृत *नहीं* किया जा सकता ?
   (1) हार्डवेयर स्टोर से बिल्कुल नई और खाली हार्ड डिस्क चुराना
   (2) सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपमानजनक/धमकी भरे संदेश पोस्ट करना
   (3) अनधिकृत पहुँच प्राप्त करके किसी के बैंक खाते से धनराशि स्थानांतरित करना
   (4) किसी और की ओर से लोगों को ईमेल लिखकर पैसे माँगना

   Which one of the following ***cannot*** be registered under Cyber Crime ?
   (1) Stealing brand new and empty hard disks from a hardware store
   (2) Posting abusive/threatening text on social media platform
   (3) Transferring funds from anyone's bank account by gaining unauthorised access
   (4) Writing emails to people on behalf of someone else and asking for money

32. कंप्यूटर को मैलवेयर से बचाने के लिए निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जा सकता है ?
   (1) कंपाइलर (2) कुकीज़ (3) फायरवॉल (4) डिस्क क्लीनर

   Which of the following can be used to protect computers from malware ?
   (1) Compiler (2) Cookies (3) Firewall (4) Disk Cleaner

33. निम्नलिखित में से कौन-सा सिस्टम सॉफ्टवेयर का एक उदाहरण है ?
   (1) एमएस वर्ड (2) एमएस एक्सेल
   (3) टैली (Tally) (4) विंडोज़ ऑपरेटिंग सिस्टम

   Which of the following is an example of system software ?
   (1) MS Word (2) MS Excel
   (3) Tally (4) Windows Operating System

34. निम्नलिखित में से कौन-सा एक ऐप्लिकेशन सॉफ्टवेयर है ?
   (1) एंटीवायरस (2) बायोस (BIOS)
   (3) एमएस पावरप्वॉइंट (4) डिवाइस ड्राइवर

   Which among the following is an application software ?
   (1) Antivirus (2) BIOS
   (3) MS PowerPoint (4) Device Driver

35. नवीनतम संस्करण के एमएस वर्ड (MS Word) के दस्तावेजों का डिफॉल्ट फाइल एक्सटेंशन कौन-सा है ?
   (1) .pptx (2) .docx (3) .txt (4) .xls

   Which one is the default file extension of the latest versions of MS Word documents ?
   (1) .pptx (2) .docx (3) .txt (4) .xls

36. इंटरनेट पर किसी विशेष वेबपेज की पहचान के लिए निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जाता है ?
   (1) ब्राउज़र (2) HTML (3) IP एड्रेस (4) URL

   Which of the following is used to identify a particular webpage on the Internet ?
   (1) Browser (2) HTML (3) IP Address (4) URL

37. विंडोज में चयनित टेक्स्ट को 'कॉपी' (copy) करने के लिए शॉर्टकट की (कुंजी) है :

(1) Ctrl + P (2) Ctrl + C (3) Ctrl + X (4) Ctrl + V

The shortcut key to 'copy' selected text in Windows is :

(1) Ctrl + P (2) Ctrl + C (3) Ctrl + X (4) Ctrl + V

38. कंप्यूटर नेटवर्क में, आईपी (IP) एड्रेस संदर्भित करता है :

(1) इंटरनेट प्रोटोटाइप एड्रेस (Internet Prototype address)
(2) इंटरनेशनल प्रोटोकॉल एड्रेस (International Protocol address)
(3) इंटरनेशनल प्रोटोटाइप एड्रेस (International Prototype address)
(4) इंटरनेट प्रोटोकॉल एड्रेस (Internet Protocol address)

In Computer Networks, IP address refers to :

(1) Internet Prototype address
(2) International Protocol address
(3) International Prototype address
(4) Internet Protocol address

39. ____________ एक इनपुट डिवाइस है जिसका उपयोग ऑन-स्क्रीन कर्सर या अन्य ग्राफिकल तत्त्वों की गति को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है, जिसका उपयोग सामान्यतः गेमिंग और सिमुलेशन में किया जाता है।

(1) लाइट पेन (2) जॉयस्टिक
(3) वेबकैम (4) स्कैनर

____________ is an input device used to control the movement of an on-screen cursor or other graphic elements, commonly utilized in gaming and simulations.

(1) Light Pen (2) Joystick
(3) Webcam (4) Scanner

40. ____________ क्लाउड स्टोरेज का एक उदाहरण है।

(1) मेमोरी स्टिक (Memory Stick) (2) पेन ड्राइव (Pen Drive)
(3) वन ड्राइव (One Drive) (4) हार्ड डिस्क (Hard Disk)

____________ is an example of cloud storage.

(1) Memory Stick (2) Pen Drive
(3) One Drive (4) Hard Disk

41. ____________ एक डॉक्यूमेंट है जिसे सामान्यतः वेब ब्राउज़र में एक्सेस किया जाता है।

(1) डेटाबेस (2) स्प्रेडशीट
(3) प्रेजेंटेशन स्लाइड (4) वेबपेज

____________ is a document that is commonly accessed in a web browser.

(1) Database (2) Spreadsheet
(3) Presentation slide (4) Webpage

42. आईसीटी (ICT) को ज्ञान अर्थव्यवस्था का एक महत्त्वपूर्ण चालक माना जाता है क्योंकि यह :

(1) पारंपरिक पुस्तकालयों को अप्रचलित बना देता है।

(2) जानकारी तक तेज पहुँच, स्टोरेज और शेयर करने की सुविधा देता है।

(3) हार्डवेयर की लागत कम करता है।

(4) कक्षाओं में शिक्षक की भागीदारी को न्यूनतम करता है।

ICT is considered a crucial driver of the knowledge economy because it :

(1) Makes traditional libraries obsolete.

(2) Enables rapid access, storage and sharing of information.

(3) Reduces the cost of hardware.

(4) Minimizes teacher involvement in classrooms.

43. आईसीटी (ICT) में डेटा (Data) और इन्फॉर्मेशन (Information) के बीच मुख्य अंतर है :

(1) ये परस्पर बदलने योग्य पद हैं

(2) डेटा कच्चे (raw) तथ्य हैं, इन्फॉर्मेशन संसाधित और अर्थपूर्ण है

(3) डेटा पुस्तकों में संग्रहीत होता है, इन्फॉर्मेशन केवल ऑनलाइन होती है

(4) डेटा अर्थपूर्ण है, इन्फॉर्मेशन कच्चे (raw) तथ्य हैं

The main difference between Data and Information in ICT is :

(1) They are interchangeable terms

(2) Data is raw facts, Information is processed and meaningful

(3) Data is stored in books, Information is only online

(4) Data is meaningful, Information is raw facts

44. निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षण-अधिगम में आईसीटी (ICT) के एकीकरण को सबसे अच्छा दर्शाता है ?

(1) फोटोकॉपी की गई नोट्स वितरित करना

(2) ऑनलाइन इंटरैक्टिव क्विज़ आयोजित करना

(3) पाठ्यपुस्तकों को जोर से पढ़ना

(4) चाक और ब्लैकबोर्ड का उपयोग करना

Which of the following best illustrates the integration of ICT in teaching-learning ?

(1) Distributing photocopied notes

(2) Conducting online interactive quizzes

(3) Reading textbooks aloud

(4) Using chalk and blackboard

45. साइबर सुरक्षा दिशानिर्देशों के अनुसार, ऑनलाइन खाते के लिए एक अच्छे पासवर्ड का सबसे उपयुक्त उदाहरण निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(1) Anna34 (2) ABC123456 (3) @Jk%N35*p (4) 007Bond

As per the Cyber Security guidelines, which of the following is the most suitable example of a good password for an online account ?

(1) Anna34 (2) ABC123456 (3) @Jk%N35*p (4) 007Bond

46. एक ऑडियो रिकॉर्डिंग, जिसमें आमतौर पर भाषण होता है, जिसे कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस पर डाउनलोड या स्ट्रीम किया जा सकता है, यह आमतौर पर एक श्रृंखला के रूप में उपलब्ध होती है जिसे लोग सब्सक्राइब कर सकते हैं।

(1) पॉडकास्ट (2) ईमेल (3) ब्लॉग (4) वीडियो कॉन्फ्रेंस

An audio recording, typically featuring speech, that may be downloaded or streamed on a computer or mobile device, generally available as a series to which people can subscribe.

(1) Podcast (2) Email (3) Blog (4) Video Conference

47. निम्नलिखित में से कौन-सा एक ओपन-सोर्स ब्राउज़र का उदाहरण है ?

(1) इंटरनेट एक्सप्लोरर (2) मोज़िला फायरफॉक्स
(3) माइक्रोसॉफ्ट एज (4) सफारी

Which of the following is an example of an open-source browser ?

(1) Internet Explorer (2) Mozilla Firefox
(3) Microsoft Edge (4) Safari

48. कंप्यूटर नेटवर्क के संदर्भ में, HTTP के संक्षिप्त नाम में, H का अर्थ है :

(1) हार्डवेयर (Hardware) (2) हाइपर (Hyper)
(3) होस्ट (Host) (4) हायर (Higher)

With respect to computer networks, in the acronym HTTP, H stands for :

(1) Hardware (2) Hyper
(3) Host (4) Higher

49. निम्नलिखित में से कौन-सा एक इनपुट डिवाइस है ?

(1) स्पीकर (2) बारकोड रीडर (3) प्लॉटर (4) एलईडी स्क्रीन

Which among the following is an input device ?

(1) Speaker (2) Barcode Reader (3) Plotter (4) LED Screen

50. यह एक फिक्स्ड-लेआउट वाला फ्लैट दस्तावेज फाइल फॉर्मेट है, जिसमें टेक्स्ट, फॉन्ट, वेक्टर ग्राफिक्स, रास्टर इमेज और अन्य आवश्यक जानकारी शामिल होती है।

(1) TXT (2) ODT (3) DOCX (4) PDF

It is a fixed-layout flat document file format, which includes text, fonts, vector graphics, raster images and other information needed.

(1) TXT (2) ODT (3) DOCX (4) PDF

## भाग IV / Part IV

## मात्रात्मक अभिवृत्ति / Quantitative Aptitude

51. वस्तु A का क्रय मूल्य वस्तु B के क्रय मूल्य से ₹ 400 अधिक है। वस्तु A को 10% हानि पर और वस्तु B को 60% लाभ पर बेचा गया। यदि कुल सौदे में 20% का लाभ प्राप्त होता है, तो वस्तु A का विक्रय मूल्य क्या है ?

(1) ₹ 1,360 (2) ₹ 1,500 (3) ₹ 1,440 (4) ₹ 1,600

The cost price of an item A is ₹ 400 more than that of B. Item A is sold at a loss of 10% and Item B is sold at a profit of 60%. If there is a profit of 20% in the entire transaction, then what is the selling price of item A ?

(1) ₹ 1,360 (2) ₹ 1,500 (3) ₹ 1,440 (4) ₹ 1,600

52. जब 11, 27, 20 और 44 प्रत्येक में k जोड़ा जाए, तो इस प्रकार इसी क्रम में प्राप्त संख्याएँ समानुपाती होती हैं। (k + 2) और (3k – 5) का मध्यानुपाती क्या है ?

(1) 6 (2) 15 (3) 9 (4) 12

When k is added to each of 11, 27, 20 and 44, then the numbers so obtained in this order, are in proportion. What is the mean proportional between (k + 2) and (3k –5) ?

(1) 6 (2) 15 (3) 9 (4) 12

53. घोल A और घोल B में अम्ल और जल का अनुपात क्रमश: 7 : 8 और 9 : 11 है। 3 लीटर घोल A को 4 लीटर घोल B के साथ मिलाया जाता है और फिर उसमें 1 लीटर जल और डाल दिया जाता है। इस प्रकार प्राप्त परिणामी घोल में अम्ल की प्रतिशतता क्या है ?

(1) 40% (2) 30% (3) 45% (4) 60%

The ratio of acid and water in solution A and solution B is 7 : 8 and 9 : 11, respectively. 3 litres of solution A is mixed with 4 litres of solution B and 1 litre water is also added to it. What is the percentage of acid in the resulting solution ?

(1) 40% (2) 30% (3) 45% (4) 60%

54. कोई व्यापारी एक खिलौने को उसके अंकित मूल्य पर 18% की छूट देकर ₹ 615 में बेचता है। यदि वह इसे अंकित मूल्य के 80% पर बेचे, तो उसे 20% लाभ होता है। खिलौने का क्रय मूल्य क्या है ?

(1) ₹ 500 (2) ₹ 600 (3) ₹ 400 (4) ₹ 450

A trader sells a toy for ₹ 615 after giving a discount of 18% on its marked price. If he sells it at 80% of its marked price, then he earns a profit of 20%. What is the cost price of the toy ?

(1) ₹ 500 (2) ₹ 600 (3) ₹ 400 (4) ₹ 450

55. यदि $\frac{y}{x+z} = \frac{x-y}{z} = \frac{z}{x}$, x, y, z $\neq 0$ है,

तो $\frac{1}{x} : \frac{1}{y} : \frac{1}{z}$ बराबर है :

(1) 4 : 3 : 6 (2) 3 : 4 : 2 (3) 4 : 3 : 2 (4) 3 : 4 : 6

If $\frac{y}{x+z} = \frac{x-y}{z} = \frac{z}{x}$, x, y, z $\neq 0$,

then $\frac{1}{x} : \frac{1}{y} : \frac{1}{z}$ is equal to :

(1) 4 : 3 : 6 (2) 3 : 4 : 2 (3) 4 : 3 : 2 (4) 3 : 4 : 6

56. $\dfrac{2 \cdot 92 \times 0 \cdot 0203}{2 \cdot 9 \times 0 \cdot 7 \times 0 \cdot 0365} \div \dfrac{(12 \cdot 12)^2 - (8 \cdot 12)^2}{(0 \cdot 25)^2 + (0 \cdot 25)\,(19 \cdot 99)}$

का मान है :

(1) 0·01 (2) 0·05 (3) 0·5 (4) 0·1

The value of

$\dfrac{2 \cdot 92 \times 0 \cdot 0203}{2 \cdot 9 \times 0 \cdot 7 \times 0 \cdot 0365} \div \dfrac{(12 \cdot 12)^2 - (8 \cdot 12)^2}{(0 \cdot 25)^2 + (0 \cdot 25)\,(19 \cdot 99)}$

is :

(1) 0·01 (2) 0·05 (3) 0·5 (4) 0·1

57. माना कि x एक ऐसी न्यूनतम संख्या है जिसको जब 28, 40 और 48 से भाग दिया जाता है, तो प्रत्येक स्थिति में शेषफल 4 आता तथा x, 13 से विभाज्य है। x के अंकों का योग क्या है ?

(1) 12 (2) 13 (3) 14 (4) 15

Let x be the least number which when divided by 28, 40 and 48 leaves remainder 4 in each case and x divisible by 13. What is the sum of the digits of x ?

(1) 12 (2) 13 (3) 14 (4) 15

58. यदि $\dfrac{\sqrt{121} \times \sqrt{52 - 14\sqrt{3}}}{\sqrt{28 + 10\sqrt{3}}} = a + b\sqrt{3}$ है,

तो (a + b) का मान है :

(1) 18 (2) 22 (3) 24 (4) 13

If $\dfrac{\sqrt{121} \times \sqrt{52 - 14\sqrt{3}}}{\sqrt{28 + 10\sqrt{3}}} = a + b\sqrt{3}$,

then the value of (a + b) is :

(1) 18 (2) 22 (3) 24 (4) 13

59. यदि $x = \dfrac{\sqrt{1875}}{\sqrt{3888}} \div \dfrac{\sqrt{1200}}{\sqrt{768}} \times \dfrac{\sqrt{175}}{\sqrt{1792}}$ है,

तो $\sqrt{x}$ बराबर है :

(1) $\dfrac{5}{12}$ (2) $\dfrac{7}{12}$ (3) $\dfrac{4}{9}$ (4) $\dfrac{5}{9}$


If $x = \dfrac{\sqrt{1875}}{\sqrt{3888}} \div \dfrac{\sqrt{1200}}{\sqrt{768}} \times \dfrac{\sqrt{175}}{\sqrt{1792}}$,

then $\sqrt{x}$ is equal to :

(1) $\dfrac{5}{12}$ (2) $\dfrac{7}{12}$ (3) $\dfrac{4}{9}$ (4) $\dfrac{5}{9}$

60. निम्न पाई-चार्ट का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

*किसी विद्यालय में कक्षा VI से X में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों की संख्या का बंटन (डिग्री में)*





कक्षा VIII में विद्यार्थियों की संख्या = 105

कक्षा IX में, लड़कों और लड़कियों का अनुपात 2 : 3 है तथा कक्षा X में, $55\frac{5}{9}$ % विद्यार्थी लड़कियाँ हैं। कक्षा X में लड़कियों की संख्या, कक्षा IX में लड़कों की संख्या से कितने प्रतिशत अधिक है ?

(1) 30% (2) 24% (3) 20% (4) 25%

Study the following pie-chart and answer the question given below.

*Breakup (degreewise) of the number of students studying in classes VI to X in a school*




Number of students in Class VIII = 105

In Class IX, the ratio of boys and girls is 2 : 3 and $55\frac{5}{9}$ % of the students in Class X are girls. The number of girls in Class X is what percent more than the number of boys in Class IX ?

(1) 30% (2) 24% (3) 20% (4) 25%

**61.** 40 किमी की दूरी तय करने में A, B से 2 घंटे अधिक समय लेता है। यदि A अपनी चाल दुगुनी कर दे, तो 80 किमी की दूरी तय करने में वह B से $1\frac{1}{2}$ घंटे अधिक समय लेता है। 100 किमी की दूरी तय करने के लिए, B अपनी उसी चाल से चलते हुए कितना समय (घंटे में) लेगा ?

(1) $1\frac{1}{2}$ (2) $1\frac{1}{4}$ (3) $1\frac{1}{8}$ (4) $1\frac{3}{8}$

A takes 2 hours more than B to cover a distance of 40 km. If A doubles his speed, he takes $1\frac{1}{2}$ hours more than B to cover 80 km. To cover a distance of 100 km, how much time (in hours) will B take, travelling at his same speed ?

(1) $1\frac{1}{2}$ (2) $1\frac{1}{4}$ (3) $1\frac{1}{8}$ (4) $1\frac{3}{8}$

**62.** किसी नाव को 75 km धारा के प्रतिकूल जाने में लगा समय, उसके द्वारा 60 km धारा के अनुकूल जाने में लगे समय के $1\frac{2}{3}$ के बराबर है। स्थिर जल में नाव की चाल 28 km/h है। नाव को धारा के अनुकूल 51·2 km जाने में कितना समय (घंटे में) लगेगा ?

(1) 1·8 (2) 2·1 (3) 1·6 (4) 1·5

The time taken by a boat to travel 75 km upstream is equal to $1\frac{2}{3}$ of the time it takes to travel 60 km downstream. The speed of the boat in still water is 28 km/h. How much time (in hours) will the boat take to travel 51·2 km downstream ?

(1) 1·8 (2) 2·1 (3) 1·6 (4) 1·5

**63.** A, B और C मिलकर किसी निश्चित काम को 40 दिन में पूरा कर सकते हैं। B और C मिलकर उसी काम को 60 दिन में पूरा कर सकते हैं। B, A से 25% अधिक कार्यकुशल है। C अकेला उस काम के 40% भाग को कितने दिन में पूरा करेगा ?

(1) 60 (2) 64
(3) 96 (4) 50


Working together A, B and C can complete a certain work in 40 days. B and C together can complete the same work in 60 days. B is 25% more efficient than A. In how many days will C alone complete 40% of the same work ?

(1) 60 (2) 64
(3) 96 (4) 50

64. ...जिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

*2020 से 2024 के दौरान किसी देश का आयात एवं निर्यात*

(₹ करोड़ में)





2022 और 2023 के दौरान देश का कुल आयात, 2020, 2021 एवं 2024 के दौरान कुल निर्यात से कितने प्रतिशत कम है ?

(1) $44\frac{1}{2}\%$ (2) $43\frac{3}{4}\%$ (3) $46\frac{2}{3}\%$ (4) $48\frac{1}{3}\%$

Study the following graph and answer the question given below.

*Imports and exports of a country during 2020 to 2024*

(in ₹ Crores)




By what percent is the total imports of the country during 2022 and 2023 less than the total exports during 2020, 2021 and 2024 ?

(1) $44\frac{1}{2}\%$ (2) $43\frac{3}{4}\%$ (3) $46\frac{2}{3}\%$ (4) $48\frac{1}{3}\%$

65. किसी समलंब की समांतर भुजाओं की लंबाई 51 cm और 21 cm है और इसकी दूसरी दो भुजाओं में से प्रत्येक 39 cm की है। इस समलंब का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) क्या है ?

(1) 1260 (2) 1440 (3) 1152 (4) 1296

The lengths of parallel sides of a trapezium are 51 cm and 21 cm and each of other two sides is 39 cm. What is the area (in $cm^2$) of the trapezium ?

(1) 1260 (2) 1440 (3) 1152 (4) 1296

66. पाइप P और Q एक टंकी को क्रमशः 18 घंटे और 27 घंटे में भर सकते हैं। पाइप R एक निकास पाइप है। जब टंकी खाली है, तब P और Q को एक साथ 6 घंटे खोलकर दोनों को बंद कर दिया गया और R को खोल दिया गया। टंकी को खाली होने में अब 30 घंटे लगे। P और R मिलकर टंकी के आधे भाग को कितने घंटे में भर सकेंगे ?

(1) $10\frac{1}{2}$ (2) 15 (3) $13\frac{1}{2}$ (4) 18

Pipes P and Q can fill a tank in 18 hours and 27 hours, respectively. Pipe R is an emptying pipe. When the tank is empty, P and Q are opened together for 6 hours and then both are closed and R is opened. The tank is now emptied in 30 hours. In how many hours can P and R together fill half the tank ?

(1) $10\frac{1}{2}$ (2) 15 (3) $13\frac{1}{2}$ (4) 18

67. एक शंक्वाकार बर्तन, जिसके आधार की आंतरिक त्रिज्या 18 cm और ऊँचाई 60 cm है, किसी द्रव से भरा हुआ है। इस द्रव को एक बेलनाकार बर्तन में जिसके आधार की आंतरिक त्रिज्या 15 cm है, उलट दिया जाता है बेलनाकार बर्तन में द्रव का स्तर कितना ऊँचा (cm में) उठ जाएगा ?

(1) 32·6 (2) 28·8 (3) 30·2 (4) 26·4

A conical vessel whose internal base radius is 18 cm and height 60 cm is full of a liquid. The contents of the vessel are emptied into a cylindrical vessel with base of internal radius 15 cm. The height (in cm) to which the liquid will rise in the cylindrical vessel is :

(1) 32·6 (2) 28·8 (3) 30·2 (4) 26·4

68. धातु से बने एक ठोस गोले का व्यास 3·5 cm है। ऐसे 96 गोलों को पिघलाकर 56 cm ऊँचाई वाले एक ठोस लंबवृत्तीय बेलन में परिवर्तित किया जाता है।

बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) क्या है ?

(1) $504\pi$ (2) $448\pi$ (3) $392\pi$ (4) $336\pi$

The diameter of a solid metallic sphere is 3·5 cm. Such 96 spheres are melted and recast into a solid right circular cylinder of height 56 cm.

What is the curved surface area (in $cm^2$) of the cylinder ?

(1) $504\pi$ (2) $448\pi$ (3) $392\pi$ (4) $336\pi$

69. 42 संख्याओं का औसत 65 है। पहली 21 संख्याओं का औसत 56 है और उनसे अगली 18 संख्याओं का औसत 70 है। 41वीं संख्या 40वीं संख्या से 3 अधिक है और 42वीं संख्या से 6 कम है।
40वीं और 42वीं संख्याओं का औसत क्या है ?

(1) 85·5 (2) 98 (3) 85 (4) 98·5

The average of 42 numbers is 65. The average of the first 21 numbers is 56 and that of the next 18 numbers is 70. The 41st number is 3 more than the 40th number and 6 less than the 42nd number. What is the average of the 40th and 42nd numbers ?

(1) 85·5 (2) 98 (3) 85 (4) 98·5

70. साधारण ब्याज पर एक ही वार्षिक ब्याज दर से निवेशित किसी निश्चित राशि पर $3\frac{1}{2}$ वर्ष में मिश्रधन ₹ 8,411 है और 6 वर्ष में मिश्रधन ₹ 9,776 है। वार्षिक ब्याज दर क्या है ?

(1) 9% (2) 8% (3) 8·4% (4) 8·5%

A certain sum invested at simple interest amounts to ₹ 8,411 in $3\frac{1}{2}$ years and to ₹ 9,776 in 6 years at the same rate of interest per annum. What is the rate of interest per annum ?

(1) 9% (2) 8% (3) 8·4% (4) 8·5%

71. किसी कक्षा में, लड़कों और लड़कियों की कुल संख्या 90 है। लड़कों की संख्या लड़कियों की संख्या से 10 अधिक है। एक परीक्षा में, लड़कों का औसत प्राप्तांक लड़कियों के औसत प्राप्तांक से 30% अधिक है। यदि सभी लड़कों और लड़कियों का औसत प्राप्तांक 63 है, तो लड़कियों का औसत प्राप्तांक क्या है ?

(1) 54 (2) 56 (3) 60 (4) 50

In a class, the total number of boys and girls is 90. The number of boys is 10 more than the number of girls. In a test, the average score of boys is 30% more than that of girls. If the average score of all the boys and girls is 63, then what is the average score of girls ?

(1) 54 (2) 56 (3) 60 (4) 50

72. कपड़े धोने की एक मशीन ₹ 18,000 नकद अथवा ₹ 7,600 तत्काल नकद भुगतान तथा प्रत्येक ₹ x की दो समान अर्धवार्षिक किस्तों पर उपलब्ध है। यदि ब्याज दर 16% वार्षिक लगायी जाए और ब्याज अर्धवार्षिक संयोजित होता हो, तो x का मान क्या है ?

(1) ₹ 5,864 (2) ₹ 5,932 (3) ₹ 5,832 (4) ₹ 5,754

A washing machine is available at ₹ 18,000 cash or for ₹ 7,600 cash down payment followed by two equal half yearly instalments of ₹ x each. If the rate of interest charged is 16% p.a. and compounded half yearly, then what is the value of x ?

(1) ₹ 5,864 (2) ₹ 5,932 (3) ₹ 5,832 (4) ₹ 5,754

73. $\dfrac{(1{\cdot}0\overline{5} \div 0{\cdot}\overline{95}) \times 0{\cdot}\overline{81}}{(0{\cdot}\overline{37} \div 0{\cdot}4\overline{1}) \times 0{\cdot}\overline{36}}$

का मान निम्न के बीच में है :

(1) 1·5 और 1
(2) 2 और 2·5
(3) 3 और 3·5
(4) 2·5 और 3

The value of

$\dfrac{(1{\cdot}0\overline{5} \div 0{\cdot}\overline{95}) \times 0{\cdot}\overline{81}}{(0{\cdot}\overline{37} \div 0{\cdot}4\overline{1}) \times 0{\cdot}\overline{36}}$

lies between :

(1) 1·5 and 1
(2) 2 and 2·5
(3) 3 and 3·5
(4) 2·5 and 3

74. जब धनात्मक संख्याओं x, y और z को 31 से भाग दिया जाता है, तो शेषफल क्रमशः 17, 24 और 27 हैं। जब $4x - 2y + 3z$ को 31 से भाग दिया जाता है, तो शेषफल क्या होगा ?

(1) 9 (2) 8 (3) 7 (4) 10

When the positive numbers x, y and z are divided by 31, the remainders are 17, 24 and 27 respectively. When $4x - 2y + 3z$ is divided by 31, what will be the remainder ?

(1) 9 (2) 8 (3) 7 (4) 10

75. निम्न श्रेणी में, $(2x + y)$ का मान क्या है ?

17, 24, 32, 38, x, 74, y, ...

(1) 221 (2) 223 (3) 226 (4) 217

In the following series, what is the value of $(2x + y)$ ?

17, 24, 32, 38, x, 74, y, ...

(1) 221 (2) 223 (3) 226 (4) 217

76. $21 \times 6 \div 18 - 3 \div 2 + 3 - 3 \div (3$ का $9) \times 9 + 3 \div (3$ का $18) \times 6$ का मान क्या है ?

(1) $\frac{47}{6}$ (2) $\frac{29}{6}$ (3) $\frac{35}{9}$ (4) $\frac{43}{9}$

What is the value of

$21 \times 6 \div 18 - 3 \div 2 + 3 - 3 \div (9 \text{ of } 3) \times 9 + 3 \div (18 \text{ of } 3) \times 6$ ?

(1) $\frac{47}{6}$ (2) $\frac{29}{6}$ (3) $\frac{35}{9}$ (4) $\frac{43}{9}$

77. A और B के बीच एक चुनाव में, कुल मतदाताओं में से 12% ने मत नहीं डाले और डाले गए मतों में से 10% मत अवैध घोषित किए गए। A ने वैध मतों में से 56% प्राप्त किए और B को 4752 मतों से पराजित किया। B को कितने वैध मत मिले ?

(1) 17424 (2) 18522 (3) 17204 (4) 17318

In an election between A and B, 12% of the total voters did not cast their votes and 10% of the votes polled were declared invalid. A received 56% of the valid votes and defeated B by 4752 votes. How many valid votes did B receive ?

(1) 17424 (2) 18522 (3) 17204 (4) 17318

78. अविन की आय ₹ 54,000 है, जो भरत की आय से 20% कम है। भरत का व्यय अविन की आय से 12% अधिक है और अविन का व्यय भरत के व्यय से 25% कम है। अविन और भरत की बचत के बीच अंतर है :

(1) ₹ 1,680 (2) ₹ 1,720 (3) ₹ 1,620 (4) ₹ 1,560

The income of Avin is ₹ 54,000 which is 20% less than that of Bharat. The expenditure of Bharat is 12% more than the income of Avin and the expenditure of Avin is 25% less than the expenditure of Bharat. The difference between the savings of Avin and Bharat is :

(1) ₹ 1,680 (2) ₹ 1,720 (3) ₹ 1,620 (4) ₹ 1,560

79. यदि $m = \dfrac{2^5 \times (3^5)^2}{12 \times 81 \times 3^3}$ है और $n = \dfrac{(2^{-4})^2 \times 2^{-5}}{4^{-3}}$ है,

तो $\sqrt{mn}$ का मान क्या है ?

(1) $\frac{4}{3}$ (2) $\frac{2}{3}$ (3) $\frac{3}{2}$ (4) $\frac{3}{4}$

If $m = \dfrac{2^5 \times (3^5)^2}{12 \times 81 \times 3^3}$ and $n = \dfrac{(2^{-4})^2 \times 2^{-5}}{4^{-3}}$,

then what is the value of $\sqrt{mn}$ ?

(1) $\frac{4}{3}$ (2) $\frac{2}{3}$ (3) $\frac{3}{2}$ (4) $\frac{3}{4}$

80. यदि 8-अंकीय संख्या 43x259y2, 88 से विभाज्य है, तो निम्न व्यंजकों में से कौन-सा सही *नहीं* है ?

(1) x = 6 और y = 1
(2) x = 9 और y = 9
(3) x = 4 और y = 1
(4) x = 2 और y = 5

If the 8-digit number 43x259y2 is divisible by 88, then which of the following expressions is *not* true ?

(1) x = 6 and y = 1
(2) x = 9 and y = 9
(3) x = 4 and y = 1
(4) x = 2 and y = 5

भाग V / Part V

## भाषा सक्षमता परीक्षण (सामान्य अंग्रेज़ी) / Language Competency Test (General English)

81. Find the meaning of the underlined idiom in the given options :
Unless we pull together as a nation, we can't make it progress at a fast pace.
(1) pull the rope (2) labour hard (3) maintain peace (4) work unitedly

82. Identify the part which contains an error, if any :
They are newcomers (A) to the city, (B) isn't ? (C) No error (D).
(1) D (2) B (3) C (4) A

83. Find the word nearest in meaning to the given word :
Impetuous
(1) Impulsive (2) Cowardly (3) Indecisive (4) Confused

84. Find the word opposite in meaning to the given word :
Horrible
(1) Comic (2) Shocking (3) Pleasant (4) Victorious

85. Choose the option in which the given sentence has been correctly changed from Active Voice to Passive Voice :
Why should I criticise you ?
(1) You were criticised by me, but why ?
(2) Why should you be criticised by me ?
(3) Why would you be criticised by me ?
(4) Why should I be criticised by you ?

86. Fill in the blank with an appropriate preposition :
Owing ____________ his ill health, he took early retirement from his job.
(1) in (2) to (3) of (4) for

87. Choose the option in which the jumbled sentence parts can be rearranged to form a meaningful sentence.
A. his repeated pleadings B. the judge sent him C. in spite of D. to jail
Choose the correct answer :
(1) A, B, C, D (2) B, D, A, C (3) C, A, B, D (4) D, B, C, A

88. Identify the Part of Speech of the underlined word :
Smoking is a taboo in many offices nowadays.
(1) Noun (2) Pronoun (3) Interjection (4) Verb

89. Fill in the blank with an appropriate article :
Do you remember the saying : Even the darkest cloud has ____________ silver lining ?
(1) an (2) the (3) no article (4) a

90. Identify the clause of the underlined part in the given sentence :
That he was innocent and was wrongly implicated in the case has been proved by the inquiry report.
(1) Adjective Clause (2) Noun Clause (3) Principal Clause (4) Adverb Clause

## भाग V / Part V

## भाषा सक्षमता परीक्षण (सामान्य हिन्दी) / Language Competency Test (General Hindi)

**91.** 'जलोर्मि' शब्द का संधि-विच्छेद है :

(1) जल + उर्मि (2) जल + ऊर्मि (3) ज + लोर्मि (4) जलो + र्मि

**92.** 'भात दाल' का सामासिक विग्रह है :

(1) भात में दाल (2) भात से दाल

(3) भात और दाल (4) भात पर दाल

**93.** 'आए थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास' लोकोक्ति का अर्थ है :

(1) खेती-किसानी के काम में जुट जाना

(2) कपास की खेती करना

(3) साधुओं की संगति छोड़ देना

(4) वांछित कार्य को छोड़कर अन्य कार्य में लग जाना

**94.** निम्नलिखित शब्दों में 'सिंह' का पर्यायवाची है :

(1) मृगांक (2) केशरी (3) सिंधुर (4) अंतक

**95.** निम्नलिखित में असंगत विलोमार्थी शब्द-युग्म है :

(1) हार-जीत (2) चिरंतर-नश्वर

(3) हास-रुदन (4) जय-विजय

**96.** 'रसोईघर' का सामासिक विग्रह है :

(1) रसोई के लिए घर (2) रसोई से घर

(3) रसोई पर घर (4) रसोई में घर

**97.** वर्तनी की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है ?

(1) तदात्म्य (2) तादात्मय (3) तादात्म्य (4) तथात्म्य

**98.** 'सूक्ति' शब्द का संधि-विच्छेद है :

(1) सु + ऊक्ति (2) सु + उक्ति (3) सू + उक्ति (4) स + ऊक्ति

**99.** निम्नलिखित में से शब्द और उनके सही अर्थ का एक युग्म *ग़लत* है, वह है :

(1) सुषुप्त – जो सोया हुआ हो

(2) शतावधानी – जो सौ बातें एक साथ याद रख सकता है

(3) विध्वंसक – विनाश करने वाला

(4) मंथर – जो बहुत तेज गति से कार्य करता हो

**100.** पर्यायवाची की दृष्टि से एक युग्म *अशुद्ध* है :

(1) इंद्र – सुरेश (2) इच्छा – लिप्सा

(3) आकाश – तारापथ (4) यमुना – जाह्नवी